महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com
Website: www.msdsu.ac.in

पत्रांकः 503/पी0ए0/2022 दिनांकः 06/09/2022

सेवा में,

प्राचार्य/प्रबन्धक
समस्त सम्बद्ध स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम/महाविद्यालय
महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय,
आजमगढ़।

विषयः– स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों/महाविद्यालयों में कार्यरत अनुमोदित प्राचार्यो तथा शिक्षकों को विश्वविद्यालय की विभिन्न समितियों/कार्यो में सक्रिय सहभागिता हेतु प्राचार्यो एवं शिक्षकों की सूची उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक विश्वविद्यालय की पूर्व पत्र संख्या–304/पी0ए0/2022, दिनांक 27.06.2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिनके द्वारा स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के प्रबन्धकों की मांग **"स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के प्राचार्यो एवं शिक्षकों को विश्वविद्यालय की विभिन्न समितियों/कार्यो में रखा जाए"** के दृष्टिगत समस्त स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम/महाविद्यालय मे कार्यरत अनुमोदित प्राचार्यो एवं शिक्षकों की सूची मांगी गई थी। खेदजनक है कि इस सम्बन्ध में **कुल 438** सम्बद्ध महाविद्यालयों में से अभी तक **लगभग 65 महाविद्यालयों** द्वारा अनुमोदित प्राचार्य एवं शिक्षकों की सूची आंशिक रूप से ही उपलब्ध कराई गई है। **शेष 373 महाविद्यालयों** की सूची अद्यतन अप्राप्त है। अतः इस सम्बन्ध में पुनः निर्देशित किया जाता है कि कृपया **10 दिन के अन्तर्गत** सभी महाविद्यालय अपने यहां कार्यरत अनुमोदित प्राचार्यो एवं शिक्षकों की सूची संलग्न प्रारूप में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

यह भी उल्लेखनीय है कि अशासकीय अनुदानित महाविद्यालयों के प्राचार्यो एवं शिक्षकों की सूची के अनुरूप ही विश्वविद्यालय स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों/महाविद्यालयों में कार्यरत अनुमोदित प्राचार्यो तथा शिक्षकों की विषयवार वरिष्ठता सूची तैयार करेगा। ताकि नियमानुसार उन्हें विश्वविद्यालय के विभिन्न कार्यो/समितियों में शामिल किया जा सके।

संलग्नक– प्रारूप

भवदीय

(वी0पी0 कौशल)
कुलसचिव

प्रतिलिपि –

1. निजी सचिव कुलपति को, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।

कुलसचिव

प्रारूप

महाविद्यालय का नाम–

क्र. सं.	शिक्षक का नाम	पिता का नाम	जन्म तिथि	महाविद्यालय में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि	विषय का नाम जिसमें नियुक्ति हुई हो		शिक्षक का आधार नं0 एवं बैक खाते का विवरण	मोबाइल नं0 एवं ई–मेल	विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत अनुमोदन पत्र संख्या दिनांक सहित
					यू0जी0	पी0जी0			

प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त प्रारूप में प्रस्तुत सूचना, तथ्यों एवं सत्यता पर आधारित है। इसमें कोई भी तथ्य छुपाया अथवा गलत प्रस्तुत नहीं किया गया है। कोई भी तथ्य गलत अथवा असत्य पाये जाने पर विश्वविद्यालय कार्यवाही करने के लिए स्वतन्त्र होगा।

प्राचार्य के हस्ताक्षर

नाम व मोहर सहित

भवदीय

(वी0पी0 कौशल)
कुलसचिव